श्री एम. आर. देसाई आर्ट्स एण्ड इ. इ. एल. कोसाडिया कॉमर्स कॉलेज, चीखली

संस्कृत साहित्य में युगबोध : राष्ट्रीय संगोष्ठी

दिनांक : १९ मार्च, २०१६

गुजरात साहित्य अकादमी, गांधीनगर एवं विमल उच्चतर केळवणी मंडळ संचालित श्री एम. आर. डी. आर्ट्स और इ. इ. एल. के. कॉमर्स कॉलेज के संयुक्त तत्त्वावधान में 'संस्कृत साहित्य में युगबोध' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक १९ मार्च, २०१६ को संस्कृत विभाग के उपक्रम में किया गया।

संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में ब्रह्माकुमारी चीखली केन्द्र के शांता बहन तथा विमल उच्चतर केळवणी मंडळ के ट्रस्टी श्रीमती सुवर्णाबहन एवं वेद-संदेश के तंत्री डॉ. नरेश भट्ट के करकमलों से दिप प्रज्वलन किया गया। कुमारी पूनम रावल ने शंकराचार्य द्वारा रचित स्तुति के गान से समस्त परिसर को भावमय बना दिया। कॉलेज की कन्याओं ने गणेश वंदना द्वारा परमात्मारूप मेहमानों की अर्चना की।

आचार्या महोदया फाल्गुनीबहन देसाई ने आगंतुक अतिथिओं का, सारस्वतविशेषों का स्वागत करते हुए काव्यमय बानी में संस्कृत एवं संस्कृति के प्रति अपनी श्रद्धा प्रगट की। तेजः शब्द के उच्चारण मात्र से ही व्यक्ति में जागृत होने वाली भीतरी चेतना को, संस्था के आद्यस्थापक मोहनकाका को भावांजलि देते हुए इस ज्ञानयज्ञ में आहुति देने वाले सभी भाग्यशाली सहभागियों का धन्यवाद करते हुए अतिथिविशेषों का, सारस्वतविशेषों का स्वागत किया।

सारस्वत अतिथिविशेष वेद - सन्देश के तंत्री डॉ. नरेश भट्ट ने संस्कृत में छिपी सर्वश्रेष्ठता को अपनाने का आवाहन करते हुए, सभागार में उपस्थित विद्वतजनों को एवं छात्रों को संस्कृत की विशेषता की झांकी करवाते हुए कहा की पाश्चात्य देशों ने संस्कृत से नाता जोड़कर, उसके रहस्यों की खोज कर अपना अधिकार जताना शुरू कर दिया है। अतः हमें जागृत होकर संस्कृत को अपनाना है और अपना दायित्व निभाना है।

संगोष्ठी संयोजिका संस्कृत विषय की अध्यक्षा प्रा. नयना नायक ने संस्कृत साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री भाग्येश झा, अकादमी के महामात्र श्री मनोज ओझा, कॉलेज के पथदर्शक नवयुवा मेनेजिंग ट्रस्टी श्री दर्शन भाई देसाई का ऋण स्वीकार करते हुए प्रस्तुत संगोष्ठी की भूमिका से सब को अवगत कराया। साहित्य-समाज और साहित्यकार एक दूसरे की परछाई बनकर समाज की दिशा व दशा बदल सकते हैं। प्रत्येक युग की चेतना साहित्यके माध्यम से समाज का आईना बनकर समस्त मानव संस्कृति एवं सभ्यता का ऐतिहासिक प्रमाण बन जाती है। वैदिक साहित्य से आधुनिक संस्कृत साहित्य तक की चेतना को समाज के सामने रखकर भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत की अभिन्नता को प्रगट करना आज भी इतना ही आवश्यक है।

उद्घाटनसत्र के विशिष्ट सारस्वत व्याख्याता डॉ. हर्षदेव माधव, जिन्होंने आधुनिक संस्कृत साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपनी रचनाओं द्वारा विदेश में भी गुजरात एवं संस्कृत भाषा का नाम उजागर किया है। उन्होंने कालिदास, अदि से शुरू हुई संस्कृत साहित्य की परंपरा में युगबोध किस प्रकार छिपा है इस बात की विवेचना प्रस्तुत करते हुए बताया कि काव्य का प्रयोजन 'व्यवहारविदे' तथा 'कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे' था और है, जो आज युगबोध नामान्तर से प्रचलित हुआ है। आधुनिक अलंकारशास्त्र के विवेचकों के लिए ग्रथित अपनी कृति 'वागीश्वरीकण्ठसूत्रम्' में चार प्रकार के कवि अपने युगबोध को किस प्रकार प्रस्तुत करते है इसे सोदाहरण स्पष्ट किया। आधुनिक तनावग्रस्त भावविश्व को कवि अपनी कविता में किस प्रकार आकारित करता है इस बात को भी सहज, सरल एवं मार्मिक रूप से प्रस्तुत किया। वास्तववादी व्यासमुनि, आदर्शवादी वाल्मीकि, मैत्रीप्रधान शूद्रक तथा कालिदास को मुदिताप्रधान कवि घोषित करते हुए वर्तमान कवि को आत्मलक्षी बताया गया। उन्होंने बताया की भारत में सबसे पहले संस्कृत में ग़ज़ल लिखी गयी। और लेनिन पर महाकाव्य लिखनेवाला भी संस्कृत कवि ही था। वर्तमान युगीन नारी की पीड़ा को व्यंग एवं कटाक्ष के साथ व्यक्त करते हुए उन्होंने नारीवादी कवि होने का भी प्रमाण दिया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटक शांता बहन एवं समारोह की अध्यक्षा ट्रस्टी श्रीमती सुवर्णा बहन जी ने हार्दिक बधाई के साथ शुभकामनाएँ दी।

संगोष्ठी के सहसंयोजक श्री छिवु भाई पटेल ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथिविशेषों का, विषयविशेषज्ञों का, मेनेजिंग ट्रस्टी श्री दर्शनभाई एवं ट्रस्टी श्रीमती सुवर्णाबहन तथा आचार्या डॉ. फाल्गुनीमहोदया और साहित्य अकादमी के महामात्र श्री मनोज ओझा, संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष श्री भाग्येश झा जी का ऋण स्वीकार किया।



प्रथम सत्र में वेद - विज्ञान अकादमी, अहमदावाद के अध्यक्षा डॉ. प्रज्ञा जोशी ने 'युगबोध - वैदिक वाङ्गमय के परिप्रेक्ष्य में' इस विषय पर अपना मननीय उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें कुदरती तत्वों से वोध लेना चाहिए। यज्ञ समष्टि के लिए होता है। वेद मानव सभ्यता का प्राचीनतम ग्रन्थ है। उसमे मानव, समाज एवं राष्ट्र के कल्याणकारी बोधसूत्र संगृहीत है। प्राणीमात्र के लिए शाश्वत मूल्यों का निधि अपने मंत्रो में ग्रथित करते हुए महर्षिओं ने युगयुगान्तरों के लिए वोध दिया था वहि आज का परम सत्य है।

राजस्थान कोटा की राजकीय कॉलेज में सेवारत, आधुनिक संस्कृत की आलोचना द्वारा संस्कृत सर्जकों को प्रोत्साहित करनेवाली डॉ. सुदेश आहुजा जानीमानी विवेचिका है। प्रस्तुत संगोष्ठी में 'अर्वाचीन संस्कृत साहित्य में युगबोध' इस विषय पर मननीय वक्तव्य देते हुए उन्होंने आधुनिक काल की वास्तविक समस्याओंको साहित्य द्वारा समाज तक पहुंचा कर अपना उत्तरदायित्व निभानेवाले विद्वान लेखक डॉ. राजेन्द्र मिश्र, डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ. हर्षदेव माधव, डॉ. रवीन्द्र पण्डा, प्रशष्यमित्रशास्त्री, आदि की कृतिओं का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समसामयिक प्रश्नों की ओर सबका ध्यानाकर्षित किया। उनके वक्तवय से अनेक आधुनिक संस्कृत कृतिओं का परिचय भी प्राप्त हुआ।

प्रथम सत्र की अध्यक्षा डॉ. फाल्गुनी महोदया ने डॉ. प्रज्ञा जोशी एवं डॉ. सुदेश आहुजा द्वारा प्रदर्शित विचारों की भूरिभूरी प्रशंसा की तथा वेद में निहित ऋत तत्त्व द्वारा मानव जीवन के पहलूँओ पर प्रकाश डाला।

भोजनविराम के पश्चात दोपहर की द्वितीय वैठक का दौर शुरू हुआ। जिसमें प्रथम विद्वान वक्ता थे डॉ. रवीन्द्र खाण्डवाल। अल्पायु में अनेक सिद्धिओं से सम्मानित रवीन्द्रजी ने 'श्रीमद्भगवद्गीता में युगवोध' इस विषय पर आधुनिक युगीन दृष्टिकोण से रसपूर्ण व्याख्यान दिया। श्रीमद्भगवद्गीता शकवर्ती सर्वकालीन ग्रन्थ है। निजी अस्तित्व की खोज, कर्मविवेक, किस प्रकार किससे व्यवहार करना है इन सव वातों को कृष्ण एवं अर्जुन के माध्यम से समझाया। सभागार में उपस्थित विद्वत्जनों से प्रस्तुत विषय पर रसपूर्ण चर्चा भी हुई।

संगोष्ठी के प्रपत्र पठन के तृतीय सत्र को तीन विभागों में विभाजित किया गया। डॉ. मयूरी भाटिया, डॉ. शोभना सोलंकी तथा डॉ. सूरवीरसिंह की अध्यक्षता में भारी संख्या में उपस्थित प्राध्यापकों तथा शोधछात्रों ने अपने मौलिक प्रपत्र पठन किये। इन तीनो सत्रों का संचालन प्रा. इन्दिरा पटेल, डॉ.भावना चांपानेरी, डॉ. दीपक पटेल ने भलिभाँति किया, एवं प्रपत्र पठन करते हुए शोधछात्रों को नैतिक रूप से प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की चरमसीमा अर्थात समापन बैठक की अध्यक्षा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात युनिवर्सिटी, सूरत के विनयन विभाग के डीन एवं रॉफेल आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज के आचार्यामहोदया डॉ. हेमाली देसाई थे। शाम को संगोष्ठी अपने अंतिम लक्ष्य की ओर थी। उत्साह यथावत था। इसी उत्साह को पुनः पुनः तेजस्वी बनाने का शुभ संदेश देते हुए डॉ. हेमालीमहोदया ने संगोष्ठी की सफलता की सबको बधाई दी। श्री शंकरभाई पटेल द्वारा किये गए आभार दर्शन के पश्चात राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी पूर्ण घोषित की गई। संयोजिका प्रा. नयना नायक एवं सहसंयोजक छिबु भाई पटेल को संगोष्ठी के लिए प्रोत्साहित करने वाले आचार्या डॉ. फाल्गुनीमहोदया, ट्रस्टी श्री दर्शन महोदय एवं अकादमी के पदाधिकारिओं का इस संगोष्ठी के लिए प्रेरित करना तथा संगोष्ठी के लिए अनुमति देना दक्षिण गुजरात के सभी छात्रों एवं प्राध्यापकों की ज्ञानराशि में अवश्य वृद्धिदायक होगा।

अस्तु।

संस्कृत साहित्य अकादमी, गांधीनगर

एवं

विमल उच्चतर केळवणी ट्रस्ट संचालित

वीर नर्मद दक्षिण गुजरात युनिवर्सिटी संलग्न

श्री एम. आर. देसाई. आर्ट्स और

इ.इ.एल. कोसाडिया कॉमर्स कॉलेज, चीखली

(Accredited 'B' by NAAC)

के संयुक्त तत्त्वावधानमें आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी

"संस्कृत साहित्य में युगबोध"

१३ मार्च २०१६ शनिवार

शोधपत्र - सार संचय

Seek The Infinite

यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति भूमैव सुखं भूमा त्वेव विजिज्ञासितव्य ।

That which indeed is the Infinite, that is joy. There is no joy in the finite. The Infinite alone is joy. But the infinite indeed has to be sought after.

- Chandogya Upanishad

Why weepest thou, brother ? There is neither death nor disease for thee. Why weepest thou, brother ? There is neither misery nor misfortune for thee. Why weepest thou, brother? Neither change nor death was predicated ofthee. Thou art Existence Absolute..... Be your own self.

- Swami Vivekananda, cw, 5:275

राष्ट्रीय संगोष्ठी

"संस्कृत साहित्य में युगबोध"

१९ मार्च २०१६ शनिवार

पथदर्शक

श्री दर्शन ए. देसाई

प्रमुखश्री, विमल उच्चतर केळवणी ट्रस्ट

अध्यक्ष

डॉ. फाल्गुनी एच. देसाई
आचार्या
आर्ट्स और कॉमर्स कॉलेज, वीरवली

श्री मनोज ओझा
महामात्र
गुजरात साहित्य अकादमी, गांधीनगर

संयोजक

पा. नयना के. नायक

सह संयोजक

पा. छीबुभाई डी. पटेल

श्री एम. आर. देसाई. आर्ट्स और इ.इ.एल. कोसाडिया कॉमर्स कॉलेज, वीरवली

राष्ट्रीय संगोष्ठी सलाहकार समिति

श्री दर्शन ए. देसाई (प्रमुखश्री, विमल उच्चतर केळवणी ट्रस्ट)
श्री मनोज ओझा (महामात्र, साहित्य अकादमी गांधीनगर)
श्री भाग्येश ज्हा (अध्यक्ष, संस्कृत साहित्य अकादमी गांधीनगर)
डॉ. फाल्गुनी एच. देसाई (आचार्या)
डॉ. हर्षदेव माधव (अहमदाबाद)
प्रा. नयना के. नायक (संयोजक)
प्रा. छीबुभाई डी. पटेल (सह संयोजक)
प्रा. चेतन डी. पटेल (व्यवस्थापक)
डॉ. जयमल एस. नायक (व्यवस्थापक)

स्थानिक व्यवस्थापन समिति

अध्यक्ष
डॉ. फाल्गुनी एच. देसाई
आचार्या

संयोजक
प्रा. नयना नायक
प्रा. सी. डी. पटेल

कोषाध्यक्ष
प्रा. सी. डी. पटेल
श्री पी. सी लाड

स्वागत समिति
प्रा. रमीला नायक
प्रा. दक्षा पटेल

आमंत्रण समिति
प्रा. छीबुभाई पटेल
प्रा. रमीला नायक
प्रा. मीनु देसाई
डॉ. जयमल नायक
श्री राजु गांधी
कुमारी ज्योति पटेल

नामांकन समिति
प्रा. मीनु देसाई
प्रा. अशोक पटेल
प्रा. धर्मिष्ठा आहीर
श्री तेजस मिस्त्री
श्री वीज़ लाड
श्री नगीन पटेल

निवासव्यवस्थापन समिति
प्रा. चेतन पटेल
प्रा प्रशात पटेल
श्री छोटुभाई पटेल
श्री राजु गांधी
श्री सुरेश पटेल

भोजन समिति
प्रा. वसंत देसाई
प्रा दिनेश राठोड
डॉ. मुकेश पटेल
प्रा. इन्दु पटेल
प्रा. मीनु देसाई
श्रीमती मिनाक्षी नायक

सांस्कृतिक समिति
प्रा. रमीला नायक
कु. विद्धि मेसुरिया
कु. धर्मिष्ठा पटेल

फोटो ग्राफी समिति
डॉ जयमल नायक
डॉ. रियाज़ लाई

उद्घाटन/ मंच शणगार समिति
डॉ. जयमल नायक
प्रा. चेतन पटेल
प्रा. सुमन कोंकणी
प्रा. प्रशात नायक
प्रा. तेजस मिस्त्री
प्रा. आरमीन सैयद

प्रमाणपत्र वितरण समिति
डो. योगेश देसाई
प्रा. दक्षा पटेल
डॉ जयमल नायक
प्रा. हेमांगिनी देसाई

उद्घोषक समिति
प्रा. नयना नायक

रिपोर्टींग समिति
प्रा. शंकर पटेल
डॉ. रियाज़ लाई

कार्यक्रम समय सारणी

१९ मार्च २०१६ शनिवार

पंजीकरण एवं उपाहार समयमां प्रातः ०८:०० से १०:००

उद्घाटन समारोह- प्रातः १०:०० से ११:००

स्थल मोहनकाका लाईब्ररी होल आर्ट्स और कॉमर्स कॉलेज, चीखली - गुजरात

प्रथम सत्र ११:०० से १:००

सत्राध्यक्ष डॉ. फाल्गुनी एच. देसाई
सत्र संचालक प्रा. सी. डी पटेल
सारस्वत विद्वान डॉ. हर्षदेव माधव
विषय विशेषज्ञ डॉ. सुदेश आहूजा
विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा जोशी

द्वितीय सत्र मध्याह्न २:०० से ४:००

सत्राध्यक्ष डॉ. नीना भावनगरी
सत्र संचालक प्रा. नयना नायक
विषय विशेषज्ञ डॉ. श्वीन्द्र खाण्डवाला
विषय विशेषज्ञ डॉ. निरंजन पटेल
विषय विशेषज्ञ डॉ. योगिनी व्यास

भोजनावकाश १:०० से २:००

तृतीय सत्र - (अ) ४:०० से ५:००

अध्यक्ष डॉ. मयूरी अद्रोजा
संचालक डॉ. ईदिरा पटेल
प्रपत्र पठन क्रमांक ३ से १३
स्थलः- मोहनकाका लाईब्ररी होल

तृतीय सत्र - (ब) ४:०० से ५:००

अध्यक्ष डॉ. शोभना सोलंकी
संचालक डॉ. भावना चांपानेरी
प्रपत्र पठन क्रमांक १४ से २४
स्थलः- डीजीटल कॉन्फरन्स कक्ष

तृतीय सत्र - (क) ४:०० से ५:००

अध्यक्ष डॉ. सुरवीरसिंह ठाकोर
संचालक डॉ. दीपक पटेल
प्रपत्र पठन क्रमांक २५ से ४०
स्थलः- सेमीनार होल

समापन सत्र

अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा जोशी
सभाध्यक्ष श्री अरविंदभाई देसाई
संचालक प्रा. दक्षा पटेल
प्रमाण पत्र वितरण

प्रमुख स्थान से.....

श्री दर्शन ए. देसाई
प्रमुख
विमल उच्चतर केळवणी ट्रस्ट, चीखली

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयो: ।
बन्धाय विषयासक्तं मुक्तं निर्विषयं स्मृतम् ॥

It is indeedthe mind that is the cause of men's bondage and liberation. The mind that is attached to sense - objects leads to bondage, while dissociated from sense - objects it tends to lead to liberation. So they think.

-AMRITABINDU UPANISHAD

नमस्कार ! शब्दसे संस्कारका जन्म हुआ । उस अनाहत नाद का साकार स्वरुप साहित्य कृतिओंमें हैं । इस ज्ञान राशिके प्रज्वलित यज्ञ में उपस्थित हरेक उपासक का हृदयसे अभिवादन । सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्र के प्रति सजगता एवं विश्वको सत्यं शिवं सुन्दरम् की धरोहर देनेवाली संस्कृत भाषा की राष्ट्रीय संगोष्ठिमें संस्कृत साहित्य अकादमी, गांधीनगर के सहयोग से हम कृतार्थ हुए हैं ।

आप ज्ञान राशि से तेजस्वी बने । आपको उज्ज्वल भविष्यके लिए शुभकामनाये ।

अध्यक्षीय......

तेजस्विनावधीतमस्तु
- तैत्तीरिय उपनिषद्

Falguni H. Desai
Principal
M.R.D. Arts & EELK Commerce College, Chikhli

हमारा अध्ययन तेजस्वी हो ।

Let Our efforts at learning be luminious.

समुज्ज्वल ज्ञानयुवाको तेजस्वी कहा गया है । अत: करण समुज्ज्वल हो तभी व्यक्तिके मन - वचन और कर्मकी गति तेजस्वी होती हैं । जो तेजस्वी होते हैं, वे मंदचेतस कभी नहीं होते । हम अश्वकी गतिको तेज गति कहते हैं । अध्ययनशील को तेजस्वी कहा गया है..... तमसो मा ज्योतर्गम्य ..... हमारी प्रार्थना भी यही होती हैं .....

"From darkness, lead us unto light..." अंधकारमें से परम तेज तक, प्रभु हमें ले जाइए । हम में और हमारे जागतिक सदर्भों में गहरा अंधेरा है । हम चैतन्य के संचारसे निज चैतन्य होते रहते हैं । हृदयमें हमेंशा दीप प्रज्वलित रहे । ज्ञानदीप धृति सेतुरक्षति हो । स्मृति में यह प्रगट हो तो यही संप्रज्ञ मनुष्यका तेजसत्व है ।

तेज. शब्दके उच्चारण मात्र से ही व्यक्ति की भीतरी चेतना झंकृत होती है । गुजरात संस्कृत साहित्य अकादमी, गांधीनगर एवम् विमल उच्चतर ट्रस्ट संचालित श्री एम. आर. देसाई आर्ट्स और इ.इ.एल. कोसाडिया कॉमर्स कॉलेज, चीखली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी संस्कृत साहित्यमें युगबोध के इस शोधपत्र संचय को आपके करकमलों में भावपूर्ण हृदयसे रखते हुए हम अतीव प्रसन्न है । संस्कृत विभाग और संगोष्ठी की तैयारीओमे लगे हुए हमारे महाविद्यालय के परिवार को अभिनंदन । विमल उच्चतर केळवणी ट्रस्ट और गुजरात साहित्य अकादमी केपथ प्रदर्शन एवं सहयोगसे ही यह संगोष्ठि संभवित हुई है । परमात्मा हमारे हर कार्यमें हमारे साथ है, इसी विचारने हमारे संकल्पको दृढ बनाया है ।

स्व. मोहनकाका जो हमारी संस्थाके आद्यस्थापक हैं, उनको वंदन करते हुए , इस ज्ञानयज्ञ में आहुति देनेवाले सभी भाग्यशाली सहभागीओंको अभिनंदन ।

संहगोष्ठी विषयक

प्रा. नयना नायक
एम. आर. डी. आर्ट्स और
इ.इ.ऐल. के. कोमर्स कॉलेज, चीखली

भारतस्यैकतायाः अखन्डतायाश्च स्त्रोतः संस्कृतभाषा भगवदभाषा सर्वेषा ग्रन्थानांचशास्त्राणां च भाषा वर्तते। संस्कृत वाङ्मये न केवलं जाति विशेषस्य, देशविशेषस्य वा कृते सन्देशः सन्ति, अपितु सर्वेषां तपसः साधनायाः च महात्मयं प्रति पादितम् । कालानुसारं काव्य प्रतिमानानी परिवर्तनति । युगस्य आवश्यक्तानुसारं काव्यं सृज्यते । यस्मिन काले कविः जीवति तत्कालविशिष्टस्य द्रष्टा व्याख्याता च स भवति । वर्तमान काले भौतिक्ता, स्वार्थपरायणता , हिंसा, धनलोलुप्ता, ईर्षा - द्वेष - प्रभृतीनांअतीव दृश्यते । तथापि भारतीय समाजस्य आधारशिलारुप शाश्वताणि सिद्धांतानि, अहिंसा, सहयोगः, सहिष्णुता, शान्तिपूर्णसहास्तित्वं, विश्ववंधुत्वं, सदाचारं एतानि अनेकानि मानव समाजस्य आचारसंहितारुपविचार मौत्तिकाणी संस्कृत वाङ्मये दृश्यते । साहित्यस्य अध्ययनमात्रेज अघतनातां विविध सामाजिक, कौटुम्बिक, आर्थिक, राजनैतिक, आदि अनेकानि समस्यानो परिहारः प्राप्यते । एवं वि श्वशान्त्यै संस्कृत वाङ्मय का योगदानं वर्तते ।

एतद् ज्ञानयज्ञस्य साफलयार्थंउपस्थितंमहानुभावानां, विद्वतजनानां ऋजं स्वीकरोमि । भारतीय संस्कृतिदीपशिरवांसप्रकाशां रक्षितुं अकादम्यँ - अध्यक्ष महोदयः भाग्यश्महोदय अकादम्या अध्यक्षः श्री मनोजमहदियः तथा च पथ प्रदर्शकः श्री दर्शनमहोदयस्य धन्यवादं प्रकटी करोमि । ज्ञानयज्ञस्य सहाभगिनी आचार्या महोदया फाल्गुनी महोदया अपि मम कार्यस्य प्रेरणपूर्तिः अस्ति । मम सहकर्मयोगी सी.डी. पटेल महोदयः, समग्र महाविद्यालय परिवारः तथा च उपस्थित महानुभावाम् विना एतद् कार्यसाफल्यं अशक्यं वर्तति । मया महद् गौरवा स्यंदमिदं यत भवतः आगमनैः अस्माकं यज्ञं प्रपलं संजात ।

१	-डॉ. नरेश भट्ट - अतिथिविशेष	श्रृण्वन्तु अमृतस्य पुत्राः
२	-डॉ हर्षदेव माधव सारस्वतविशेष	आधुनिक संस्कृत कविता में युगबोध
३	-डॉ. फाल्गुनी देसाई	Practical Vedanta: The Divinization of Life
४	-डॉ सुदेश आहूजा विषयविशेषज्ञ	आधुनिक संस्कृत साहित्य में युगबोध
५	-डॉ प्रज्ञा जोशी विषयविशेषज्ञ	युगबोध वैदिक वाङ्मय के परिप्रेक्ष्य में
६	-डॉ रवीन्द्र खाण्डवाला विषयविशेषज्ञ	श्रीमद् भगवद् गीता में आधुनिक युगबोध
७	-डॉ निरंजन पटेल विषयविशेषज्ञ	महाभारत में युगबोध
८	-डॉ योगिनी व्यास विषयविशेषज्ञ	भारतीय साहित्यकी कालजयी कृति रामायण
९	- प्रा. नयना नायक	सप्तर्षिमण्डलम् का युगबोधात्मक चिंतन
१०	- डॉ. भावना चांपानेरी	उपनिषदमे प्रेय और श्रेय
११	- डॉ. मयूरी अद्रोजा	भाष्यकार पतंजलि के काल का युगबोध

१२	- प्रा. संध्या शेलत	शुनः शेपाख्यान में प्रतिविंबित सांप्रत समाज
१३	- प्रा. सी. डी. पटेल	उपनिषदोमें युगबोध
१४	- डां. शोभना सोलंकी	कालिदास के मेघदूतम् में नैतिकता एवं उपदेशपर विचारकणिका
१५	- डां. सुरवीरसिंह ठाकोर	शंकराचार्य का युग प्रवर्तक बोध
१६	- डां. अशोक पटेल	श्रीमद् भगवद् गीता और उपनिषद में युगबोध
१७	- डां. दीपक पटेल	संस्कृत नाटकोमें निरूपित संघर्ष तत्त्व
१८	- प्रा. रेखा पटेल	कविकुलगुरूकालिदास की नाट्यकृतिओं में जीवनदर्शन
१९	- प्रा. जयदेवी जोशी	रामायण में वर्णित आदर्श राजनीति
२०	- प्रा. नयना आमोदवाला	महाभारत में वर्णित राजनीति
२१	- प्रा. जिज्ञासा चावडा	प्रवर्तमान समयमां श्रीमद् भगवद्गीतानो युगबोध

२२	- प्रा. शिवराम गांवित	वेदमें प्राप्त मानव बोध
२३	- प्रा. दक्षा पटेल	श्रीमद्भगवद् गीता में युगबोध
२४	- प्रा. रमीला नायक	अभिज्ञानशाकुन्तल की शकुन्तला- भारतीय नारी समाजका प्रतिबिम्ब
२५	- प्रा. मीनाक्षी पानवाला	गीतामें वर्णित युद्ध-हिंसक या अहिंसक
२६	- डां. जयमल नायक	Yoga For Personalty Development
२७	- प्रा. मीनु देसाई	The Relationship Between Man & Nature In Atharveda
२८	- प्रा. इन्दुबेन पटेल एवं - प्रा. चेतन पटेल	गुप्तकालीन सुवर्ण युग और कालिदास रचित साहित्य कृतियां
२९	- प्रा. वंदना प्रमाणिक	संस्कृत सूक्तिओं में समाजदर्शन
३०	रवि पटेल	रघुवंशितम् महाकाव्यमें समाज दर्शनः शिक्षाके संदर्भ में
३१	- हसमुख सोलंकी	शतपथब्राह्मण नो युगबोध
३२	- जैमिका राठोड	उत्तररामचरितं मां युगबोध
३३	- वैशाली डोडीया	कादम्बरी में अभिव्यक्त युगबोधः क्रीडाओं के संदर्भमें

૩૪	- ભૂમિ પટેલ	संस्कृत साहित्यमों युगबोधः उपनिषद् के परिप्रेक्ष्यमे
૩૫	- જગદીશ વસાવા	બૌધાયનધર્મસૂત્ર ના સમય નો યુગબોધ
૩૬	- ધર્મિષ્ઠા ઍ. પટેલ	મનુસ્મૃતિ મા યુગબોધ
૩૭	- વિભૂતિ પટેલ	શકુન્તલા વિદાય - યુગબોધાત્મક ચિંતન
૩૮	- પુનિત શેલુ	રામાયણે યુગબોધ
૩૯	- સ્નેહા પટેલ	રામાયણ માં આદર્શ કૌટુમ્બિક ભાવના
૪૦	-ધર્મિષ્ઠા ટી. પટેલ	માનવસમાજનુ શાશ્વત સત્યઃ ભર્તૃહરિની નજરે
૪૧	-રીતેશ પરમાર	મોહરાજપરાજયમ્ માં નિરૂપિત યુગબોધ
૪૨	-અર્ચના પટેલ	ભારદ્વાજઋષિનો યુગબોધ
૪૩	-નિશા વસાવા	યાજ્ઞવલ્ક્યસ્મૃતિમાં યુગબોધ

शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्राः

નરેશ ભટ્ટ
(તંત્રીશ્રી વેદસંદેશ)વલસાડ

વિશ્વભરની પ્રજા ઉત્તમને શોધેછે. ટોટલ અવેરનેસસંપૂર્ણ ચેતનાનો વિસ્ફોટ થયોછે. તેનો લાભ ઊગતી પેઢીને મળી રહ્યો છે. આ વિશ્વની નવી પેઢી જ્યાં અને જેની પાસે ઉત્તમ હશે ત્યાં અને તેની પાસેથી વિચારોને ગ્રહણ કરવાની જ છે. ખોટી અને અનુપકારક વિચારધારા નું ઝડપથી અવસાન થશે. કોણે વિચાર્યું હતું કે, પૂર્વ અને પશ્ચિમ જર્મની એક થશે આ સંવાદિતાની ધારા સંસ્કૃત સાહિત્યમાં અત્રતત્ર જોવા મળે છે. તેથી સંસ્કૃતનો પ્રભાવ આપ મેળે જ સર્વ સ્વીકાર્ય બનવા જઈ રહ્યો છે. વેદોના ઋષિઓએ વિશ્વમાનુષ શબ્દ હજારો વર્ષ પહેલાં વિશ્વ ચોક માં ઉચ્ચાર્યો છે જ્યારે યુનો જેવી સંસ્થાની કલ્પના પણ માણસજાતને હતી નહીં ઋગ્વેદમાં(૧૦.૧૩.૧) **शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्राः** નોઉલ્લેખ કરી મનુષ્ય માત્રને અમૃતના પુત્રો ગણાવ્યા. આવતી પેઢી માટે આ જેવો તેવો સંદેશો ન રહેશે.

અમેરિકાએ સ્વાસ્થય રક્ષા માટેઅલ્ટનેટિવ મેડિસીન નો સ્વીકાર કર્યો એ યોગ પ્રતિ અમેરિકનોનું ધ્યાન ગયું હવે તો યુનોથકી સમગ્ર વિશ્વ પણ યોગનો સ્વીકાર કર્યો છે. આ યોગ દર્શન સંસ્કૃત ભાષામાં છે. જે સ્થિતિ યોગની થઈ તે આવતીકાલે આયુર્વેદની થવાની જ છે. યુરોપ અને અમેરિકામાં આર્યવેદિક કોન્ફરન્સો થવા લાગી છે. મૂળ તો અથર્વવેદ થી આખું આર્યુર્વેદશાસ્ત્ર પ્રગટ્યું છે જે હવે પછીના વર્ષોમાં માનવતા માટે સ્વાસ્થ્યનું કિરણ બનીરહેશે.જ્યાંસુધી સાઈકોલોનિકલ રિવોલ્યુશન એટલે મન ને પરિવર્તિત કરવાનું થશે નહીં ત્યાંસુધી માણસને શાંતિ મળવાની નથી. આ સંદેશો સંસ્કૃત સાહિત્ય આપે છે. સંસ્કૃત સાહિત્યનો કેટલો મોટો યુગબોધ આ છે.

आधुनिक संस्कृत कविता में युगबोध

डॉ.हर्षदेव माधव / संस्कृत विभागाध्यक्ष
श्री एच. के. आर्ट्स कॉलेज, अहमदाबाद

युगबोध आधुनिक परिभाषा है। वैसे तो काव्य के प्रयोजनों में "व्यवहारविदे" तथा "कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे च" इसी प्रकार प्राचीन रचनाओं में भी युगबोध आवश्यक माना गया हैं। वागीश्वरीकण्ठसूत्रानुसार कवि चार प्रकार के होते हैं। उसमें मैत्रीप्रधान कवि के कर्म में युगबोध उपदेश रुपमें अभिव्यक्त होता हैं। उपेक्षाप्रधान कवि के काव्य में हास्य, व्यंग्य, कटाक्ष तथा ध्वनिरुप में युगबोध प्रतीत होता हैं। मुदिता प्रधान और करुणा प्रधान कविओं में युगबोध एकांगी हो सकता है, या निराशावादी हो सकता है। कोई भी कवि अपने युग से परे, निर्लेप रहकर सर्जन नही कर सकता। कदाचित ऐसा सर्जन हो भी जाये तो, उसमें अपने युग का प्रतिबिम्ब न होने के कारण वे रचनाएँ अप्रासंगिक बन जाएगी।

आधुनिक विश्व ईन्टरनेट, मोबाईल, सोशीयल मीडिया तथा पाश्चात्य सभ्यतासे लिप्त होकर अतीव संकुल बन गया हैं। वैश्विक संकीर्णता, देश की घटनाएँ, विश्वभाषा की असर तथा राजकीय प्रवाह, आदि के कारण कविका भावविश्व भी संकुल हो गया है। उसकी रचनाएँ विभिन्न प्रकार के तनाव से आकारित होती है। अत: आधुनिक संस्कृत कविता का भावबोध भी ऐसा ही रसप्रद एवं संकीर्ण हैं।

Practical Vedanta : The Divinization of Life

Dr. Falguni H. Desai
M.R.D. Arts & EELK Commerce College,
Chikhli, Gujarat, India.
E-mail : fpdesai2012@gmail.com

"असतो मा सद्गमय । तमसो मा जयोतिर्गमय । मृत्योर्माऽमृतं गमय ॥"

Vedant is a living philosophy and a divine source of inspiration. It is a universal phenomenon, a world literature and an eternal religion. The inclusiveness and scientific approach makes it a living philosophy. The paper elobrates the following pathways concluding on the hole that quest of life is the ultimate journey within -

(I) Universality and humanism are two essentials of Vedanta tradition.

(ii) Exploring the uncommon direction of vedanta where practical system is meant for common people.

(iii) It Reveals timeless wisdom of 'Bharatiya sanskriti' and 'Sabhyata', 'culture' and 'civilization'.

(iv) In Vedanta 'Philosophy and religion' 'philosophy and practical life' and 'Religion and Practical Life' builds a contact zone. The study leads to the conclusion that divinization of life

means the greatest love, the highest use fulness, the most open communication, the noblest suffering, the severest truth, the heartiest counsel, and the greatest union of minds brave men and women are capable of Divinization asks for total freedom Mankind has evolved from stone to space and supersonic age inspite of his advancement something is still lacking. This quest humanity's longing to discover the divine within. Along with external progress, inner-being too must enhance. Unfoldment of divine is one of the vital human craving, the inner - being needs attention. The Journey within is a path towards the divinization of life.

Key words : Vedanta, Culture, Civilization, Divinization.

अर्वाचीन संस्कृत वाङ्मय में युगबोध

डॉ. श्रीमती सुदेश आहूजा
संस्कृत विभाग, राजकीय महाविद्यालय कोटा - राजस्थान.

साहित्य समाज का दर्पण होता है। कोई भी जीवन्त साहित्य युग के दबाव की उपेक्षा नहीं कर सकता। अर्वाचीन संस्कृत साहित्य आज राजसी वैभव के पटल से उतर कर जन सामान्य की भावनाओं को अंगीकृत कर चुका है। आज देश में चारों ओर आतंकवाद, शोषण, दरिद्रता, बेरोजगारी और नैतिक अवमूल्यन जैसी समस्याएँ खडी हो तो संवेदनशील कवि मन उससे अछूता केसे रह सकता है ? प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी का मन्तव्य अक्षरश : सत्य है कि यदि कविता हने समय की सच्चाईयों को समजने की दष्टि न देकर वाग्जाल, वितण्डा और छलावें का प्रपंच रचती हे, तो कवितेव वर कु कवितायाः।

अर्वाचीन संस्कृत वाङ्मय देशकाल की क्षुद्र सीमाओं को छोडकर वैश्विक चेतना का स्पर्श करता प्रतीत होता है। कार्गिलशतकम् - गोधराघटनम् , भूकम्पभैरवम्, कश्मीरक्रन्दम् तथा आतंकवाद पर अनेकों कवितामें लिखी गयी सामाजिक समस्याओं के अन्तर्गत दहेज, हत्या, नारीशोषण, विधवाविवाह, कन्याभ्रुण हत्या, आदि अनेक समस्याओं को संस्कृत कवियों ने अपनी लेखनी का विषय वनाया है। दरिद्रता, बेरोजगारी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार, स्वार्थपरता और सांस्कृतिक अवमूल्यन के अनेकों चित्र हैं अर्वाचीन संस्कृत साहित्य में।

पर्यावरण - प्रदूषण, आतंकवाद और वर्तमान राजनीति और स्वार्थपरता को उजागर ही नहीं किया गया वरन शोषण व अत्याचार के विरुद्ध सचेत भी किया है,अत्याचार का विरोध व लोकाराधन साहित्य का उदेश्य भी हैं। इस प्रकार वर्तमान संस्कृत साहित्य में वर्तमान की विडम्वनाओं, विसंगतियों और संपूर्ण युग की धडकन का व्यौरा है।

युगबोध - वैदिक वाङ्मय के परिप्रेक्ष्य में

प्रा. प्रज्ञा जोगेश जोशी
कार्यकारी निदेशक,
महर्षि वेद विज्ञान अकादमी, अमदावाद, गुजरात

वेद मानवसभ्यता का अति प्राचीनतम ग्रन्थ है। यह प्राचीन एवं पवित्र महर्षियों के अन्तरतम् हृदय की गहराई से केवल ईश्वरकृपा से बहा हुआ शब्दस्रोत है। उसमें मानव, समाज एवं राष्ट्र के कल्याणकारी बोधसूत्र संगृहीत है। उसमें सर्व वर्णों के प्रति अभेद भावना प्रकट हुई है।

मानव देह पाँच तत्त्वों (पृथ्वी जल, तेज, वायु, आकाश) से बना हुआ हैं। मनुष्य का नियमानुकुल आचरण करते हुए इन तत्वों को विशुध्य एवं आग्यावस्था में रखना हैं। उसमें विकार न आने पाये, उसका ध्यान रखना है, इस प्रकार आंतरिक पाँच तत्वों पर नियं त्रण होगा, अनुशासन होगा तो बाह्य जगत के स्थूल पाँच तत्वों पर भी नियंत्रण रहेगा। इस प्रकार स्वयं की रक्षा करते हुए प्रकृत्ति के तत्वों को सुरक्षित रखना, यही तो युगबोध हैं।

वेद में प्राणी मात्र के लिए शाश्वत मूल्य बिखरे हुए है, विशेषत: मनुष्य के लिए शान्ति, सद्भाव, सौहार्द, विश्वबन्धुत्व, स्वावलंबन, सह अस्तित्व, समानता, मधुरवाणी, दान - उदारता, धर्म के दस लक्षण, संगठन, यम - नियम जैसे तत्वों की युगबोध के अनुसंधान में चर्चा करने का उपक्रम है। वास्तव में ऐसा कहना अप्रमाणिक होगा कि वेद में उपरोक्त कुछ तत्त्व युगबोध के लिए हैं, अपितु वेद के प्रत्येक मन्त्र में युग युगान्तर के लिए बोध प्रदान करने की क्षमता है। वेदोपदेश में सहज रुप से गुम्फित विज्ञान के तत्त्व भी निर्दोष है। मानव कल्याण के लिए कहे गये हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि सहस्त्र वर्षों पूर्व हमारे महर्षियों ने जो चिन्तन किया था वही युगबोध है। कुछ तत्त्व चिरंतन है। इन्हीं बातों को उजागर करने का उपक्रम है।

श्रीमद् भगवद्गीता में युग बोध

रवीन्द्रकुमार खांडवाला
श्री एच. के. आर्ट्स कॉलेज, अहमदाबाद

श्रीमद् भगवद्गीता किसी एक युग का सृजन हो, तो भी वह एक शाश्वत कृति है। भगवद्गीता का युग बोध न तो प्राचीन है, न तो अर्वाचीन है, वह तो सर्वकालीन है इसीलिये प्रत्येक युग के संदर्भ भगवद्गीता में से यथायार्थ के रुपमें लिए जा सकते हैं। वर्तमान विश्व अनेक समस्या एवम् घटनाओं से गुजर रहा है। आधुनिकता की आकाशी उडान के बीच मनुष्यजीवन की गति अदृश्य हो गई है। ऐसा लगता है मानों मृत्यु की ओर निरंतर गति हो रही हो। इस संदर्भ में गीता अनेक प्रश्नों के उत्तर देती हैं।

सामाजिक एवम् आर्थिक समस्याएँ , जाति भेद, वर्णभेद, पर्यावरण, विश्वयुध्य के बचे हुए नगाडे नीत नये पनप रहे विविधरोग, सबंध विच्छेद के सामाजिक मूल्य वर्गविग्रह और वर्गभेद, निराशा और हताशा की ओर अग्रसर करती हुई विदेशी सभ्यता और मानसिक संतुलन की प्राप्ति के लिए किए जा रहे आध्यात्मिक प्रयत्न मनुष्य के अस्तित्व और खोये हुए अस्तित्व की चिंताएँ वैभव पूर्ण जीवन के बीच 'स्व' को सही रूप में पहचानने की कोशिश और मनुष्य का आध्यात्मिक अस्तित्व इन सभी प्रश्नों के उत्तर भगवद् गीता का युगबोध है।

निरंजन पी. पटेल
अध्यक्ष, अनुस्नातक विभाग
सरदार पटेल युनिवर्सिटी, वल्लभ विद्यानगर

महाभारतमें युगबोध

वैश्वीकरण के इस युग में जब हरेक पदार्थों का मूल्य अंकित किया जा रहा है। ऐसे समय में और ऐसी चित्तभ्रांति के समय में मानवप्राणी अपने कर्मों द्वारा विकट प्रश्नों में शांति प्राप्ति हेतु प्रयत्न करता है। परंतु आधा अधूरा उसका यत्न होने के कारण पूर्णत: सफल नहीं हो पाता। ऐसे कठिन कालमें हम ऐसा क्या दे सकते है जिसे पूरे जनसमुदाय को अंशत: शांति की अनुभूति हो सके। वह अपने पूर्व ऋषि द्वारा सूचित मार्ग पर यदि चलते हैं तो लक्ष्य प्राप्ति भी होगी तथा शांतिभी मिलेगी। शांति किस प्रकार प्राप्त होगी ? तो इसका प्रत्युत्तर है "यन्न भारते तन्न भारते"। संस्कृतिओं की गतिविधियाँ जहाँ प्रतिबिंबित होती है जिसमें जीवन की अभिव्यक्तिका दर्शन प्राप्त होता है वह है भारतीय संस्कृति का विश्वकोश महाभारत उसकी हमें शरण लेनी होगी। [illegible] सिर्फ दो अक्षरों से बना धर्म शब्द समजना भी कठिन है। जिसे गूढार्थ रूप में महाभारतकार ने प्रयुक्त किया है। जितना पुण्य को जानना आवश्यक है उतना ही पापको भी जानना जरूरी है। वर्तमानकाल में व्याप्त धर्मग्लानि [illegible] इन सब [illegible] है। हर कोई समाजमें शांति स्थापना चाहता है। समाजका जीवन उर्ध्वगामी हो, स्वस्थ समाज रचना हो वह सब [illegible] सकता है। कृष्ण कहते है - धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे। इस परिसंवादका हेतु धर्म के हेतु में ईंट रखने जैसा है। यदि हम अपने धर्मका रक्षण करेंगे तो धर्म हमारा रक्षण करेगा धर्मो रक्षति रक्षित: ॥

[illegible]
अध्यक्ष संस्कृत विभाग
उमा आर्ट्स कॉलेज, गांधीनगर

भारतीय साहित्यकी कालजयी कृति - रामायण

भारतीय जनजीवन में ही नहीं, बल्कि विश्व - संस्कृति में भी वाल्मीकि कृत "रामायण" का विशिष्ट स्थान है। भारत की सांस्कृतिक चेतना, साहित्यिक प्रेरणा और सामाजिक भावना को मूल आधार प्रदान करने वाला यह अमर काव्य आदिकवि वाल्मीकि की चिरस्मरणीय देन है। सत्य, धर्म, भक्ति और मुक्ति, भोग और त्याग, अनुराग और विराग इन सबका समन्वय करनेवाली प्रशस्त रचना रामायण वास्तवमें भारतीयता का अक्षय कोष है। वाल्मीकि का यह महाकाव्य पृथ्वीतल को विदीर्ण कर उगनेवाले उस विराट वट वृक्ष के समान है। जो अपनी शीतल छाया में भारत के समस्त मानवों को आश्रय देता हुआ प्रकृति की विशिष्ट विभूती के समान अपना मस्तक उपर उठायें हुए खडा है।

सप्तर्षिमण्डलम् का युगबोधात्मक चिंतन

प्रा. नयना के. ...
श्री एम . आर. डी. आर्ट्स ...
ई .ई. एल. के. कोमर्स कॉलेज, ...

समस्त भारतकी विभिन्न सांप्रदायिक एवं सांस्कृतिक विचारधाराओंका महास्त्रोत संस्कृत की पुरातन साहित्य परंपरा से अस्खलित बहता हुआ आज भी प्रवाहित है। हर्षदेव माधव अपने आधुनिक काव्यशास्त्रीय ग्रंथ वागीश्वरी कण्ठ सूत्र में कहते है कि युग प्रभाव: काव्य चैतन्य स्पन्द: । २. १. ।। प्रतियुगं काव्यप्रवाहं परिवर्तनान्या गच्छन्त्येव । परस्पराश्रित साहित्य एवं समाज तथा उसका अभिन्न अंग रुप साहित्यकार या कोई भी कलाकार अपने युगीन समाजके हरेक व्यवहार , रीति रिवाज, उन्नति, पतन अर्थात् हरेक कोने से परिचित होता है। और समाजका पथदर्शक बनकर वह अपने युगका प्रतिनिधि बनकर अपनी कृति के पात्र, कथा, चरित्र, आदिके द्वारा अपनी संवेदना अनुभूति केमुखरित करता है। साहित्य कलातत्वसे भरपूर इतिहास होता है। जिसका अंतिम उद्देश्य आनंद के साथ समाजको राह दिखाना, व्यवहारज्ञान, कान्ता सम्मित उपदेश देकर अपनी जिम्मेदारी निभाना है।

आधुनिक कालकी उत्कट भावनाओंके साथ प्राचीन कथा को जोडकर जनकशंकर दवेजीने मेनका - विश्वामित्रकी प्रणयगाथा में छिपी भारतीयता, सांस्कृतिक, सामाजिक चेतना के शाश्वत अंशोको उजागर किया है। विश्वामित्रको रिझाकर अपने प्रणयपाशमें बाँधनेके लिए उत्सुक नारी की मर्यादा, परिश्रम - तप बिना किसीको भी सिध्दि नहीं मिलती तथा साधन शुध्दि केसाथ मानवमात्र मे कार्यान्वित , सच्चे मानवीय गुणोंका होना भी इतना ही आवश्यक है। तब शकुन्तला भरत की माताकी प्राप्ति होती है।

उपनिषद् में प्रेय और श्रेय

प्रा. भावना जे. वाघानेरी
एस. टी. बी. आर्टस कॉलेज, सुरत

प्रेय और श्रेय दो पृथक पृथक मार्ग हैं। ये दोनो विभिन्न फल देनेवाले साधन मनुष्य को बंधनमें डालते हैं। प्रेय लोकोन्नतिका मार्ग हैं और श्रेय परलोकोन्नतिका मार्ग हैं। उपनिषद् में ये दोनों मार्ग का गहनता से सरल श्रुतिवाक्य के माध्यम से ऋषि ने उपदेश किया हैं।

कठोपनिषद् १.२.१ में कहा कि प्रयोजन भिन्न होते ए भी श्रेय और प्रेय पदार्थ मानव को अपने बन्धन में बाँधते हैं, अर्थात् अपनी और आकृष्ट करते हैं। इतना होने पर भी श्रेय (कल्याण मार्ग) अपनाने वालों का कल्याण होता है और दूसरी और प्रेय - सांसारिक भोगवाली प्रवृत्ति - पथ के पथिक को बारम्बार ८४ लाख योनियाँ में भटकना पडता हैं। सौभाग्य से नचिकेता ने श्रेय मार्ग को अपनाकर सांसारिक विविध प्रलोभन दिखाने वाले यम को चकित एवं प्रभावित किया है। नचिकेता की प्रशंसा करते हुए स्वयं यम ने (कठो १.२.४.) कहा है कि मैं तुम्हें विद्याभिलाषी मानता हूँ।

प्रेय और श्रेय दोनों मार्ग एक दूसरे से विपरीत, विरुद्धार्थसूचक और दूर है। ये अविद्या और विद्या इस नाम से जाने गये हैं ईशोपनिषद् के ११ वें मन्त्रमें कहा हैं -

विद्या चा विद्या च यस्तद्वेदोभय सह । अविद्या मृत्युं तीर्त्वा विद्यामृतमश्नुते ।। प्रत्येक कल्याणपथ के पथिक का उद्देश्य श्रेय होना चाहिये, और प्रेय का इस प्रकार उपयोग करना चाहिये कि वह श्रेय का साधन बन जाय।

भाष्यकार पतंजलि के काल का युगबोध

प्रा. मयुरी अग्रोजा
श्री रंगनवचेतन महिला आर्ट्स कॉलेज,
वालिया - भरुच, गुजरात

काल के गर्भ में निहित मानवीय जिवन के उच्चत्तन मूल्यों की खोज तत्कालीन साहित्यके समंदरमे रत्नगर्भ स्वरुपे में छूपी रहती हैं। भाष्यकार पतंजलि के समय में चारों संहिताए, पुराण, इतिहास, ब्राह्मण और सूत्र ग्रंथोका परिणमन हो चुका था। रामायण - महाभारत एवं आख्यान ग्रंथोका भी प्रणयन हो चूका था। अतः संस्कृत के शब्दकोषने भी विशाल कद को धारण कर लिया था उस समय अपभ्रंश शब्दों को साहित्य में सम्मिलित करने के कारण स्वरुप, उन्हें जनसामान्य की मान्यता प्राप्त हो चुकी थी। फलतः संस्कृतके भ्रंश का भय उद्भवित हुआ। ऐसी स्थिति में पतंजलिने भाषाका परिमार्जन करना आवश्यक समजा उन्होंने आर्यावत में रहनेवाले ब्राह्मणों के लिए षड्ङो सहित वेदों के अध्ययन को आवश्यक समजा। उसमे भी व्याकरण अनिवार्य बनाया। वेदरक्षा व्याकरण के ज्ञान के बिना संभव नहीं हैं अतः समर्थ भाष्यकार पतंजलिने व्याकरण एवं भाषा के माध्यम से वेदरक्षा का युगबोध कार्य संपन किया। प्रस्तुत संशोधन पत्र में इस युग कार्य की ओर अगूलिनिर्देश किया गया है।

शुनःशेपाख्यान में प्रतिबिंबित सांप्रत समाज

प्रा. श्रीमती संध्याबेन शेलत
जे.पी. श्रोफ आर्ट्स कॉलेज, वलसाड

भारतीय संस्कृति के इतिहास में वेदों का स्थान गौरवपूर्ण हैं। सनातन धर्म के स्त्रोत का उद्‌भव स्थान वेद हैं। वेद और वेदों से सम्बन्धित समस्त साहित्यमें अभिव्यक्त समाजदर्शन आज के युग में मनुष्य के चारित्र्यगठनके लिये, चारित्र्य के आदर्शबोध के लिये और सत्य - नीति के मार्ग पर चलनेका प्रयत्न करनेवाला मनुष्यके लिए प्रेरणादायी हैं।

वेदों में ऋग्वेद सब से प्राचीन हैं। ऋग्वेद के साथ दो ब्राह्मण ग्रंथ जुडे हुए हैं। उनमें से ऐतरेय ब्राह्मण अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। इन ब्राह्मण ग्रंथोको सरल, रोचक और आकर्षक बनानेका श्रेय कुछ आख्यानों को मिलता हैं।

ऐतरेय बाह्मण सबसे दीर्घ और आकर्षक आख्यान 'शुनः शेपाख्यान' हैं। डॉ. हरियप्पाके मत से 'शुनः' अर्थात् 'सुख' का और 'शेप' अर्थात् 'खंभा'। 'Piller of hapiness' ऐसा अर्थ होता है। यह अर्थ मनुष्य के कल्याण की ओर अंगुलिनिर्देश करता है।

इस आख्यान के कथानक में इक्ष्वाकुवंश में जन्मे हुए राजा हरिश्चन्द्र अपुत्र थे। नारद नामका ऋषि कुमार उन्हें पुत्र प्राप्ति के लाभ दिखाते हैं। उसमें उस कालमें पुत्र के लिये समाजमें जो भावना प्रचलित थी उसका सुन्दर प्रतिबिंब पडता हैं। पुत्र अर्थात आत्मा हि जया आत्मनः। आत्मा से जन्मी हुई आत्मा, दीप से उद्भवित दीप ही देख लो। पुत्र अर्थात परम व्योम में ज्योति।

उपनिषदों में युगबोध

प्रा. सी. डी. पटेल
श्री एन. आर.देसाई आर्ट्स और इ.इ. एल. के. कोमर्स कॉलेज, चीखली

उपनिषद ज्ञानका विश्वविद्यालय हैं। सत्य, निष्ठा, ज्ञानऔर आदर्शवाद इसकी नींव हैं। प्रत्येक साहित्यमें अपने युग के विचार - नीति प्रतिबिंबित होते हैं। उपनिषदों का विचार केवल कोई एक व्यक्ति, एक वर्ग, एक प्रदेश, एक विषय, या एक युग मात्रका विचार नहीं हैं, बल्कि व्यक्तिसमूह, विश्वसमूदाय एवं सर्वकालिन एक आदर्श विचारधारा हैं। अपने सकारात्मक, रहस्यमय और उपदेशात्मक शैलीसे उपनिषदोंने विश्वको प्रभावित किया हैं। वेदमें बोये गये विचारबीज उपनिषदमें वृक्ष बनकर फैला है, जिसकी छायामें मानव सभ्यता,संस्कृति पली हैं।

भौतिक सुख समृध्दि ओंसे संपन होने के बावजूद भी आज मनुष्य भीतर से अपने आप में कुछ न कुछ कमी महसूस कर रहा हैं। सत्य और अनृतके बीच उलज जाता हैं। सत्य क्या हैं ? अनृत क्या हैं ? श्रेय क्या हैं ? प्रेय क्या हैं ? विद्या क्या हैं ? अविद्या क्या हैं ? ऐसे धेर सारें आध्यात्मिक, व्यवहारिक और चैत्तसिक प्रश्नों का उत्तर और समाधान ही उपनिषदोंका युगबोध हैं।

कालिदास के मेघसन्देश मे नैतिकता एवं उपदेशप्रद विचारकणिका

प्रा. श्रीमती शोभनाबेन अेन. सोलंकी
श्रीमती जे.पी.ऑफ आर्ट्स कोलेज, वलसाड.

सन्देश काव्यो में सन्देश की ही प्रधानता रहती हैं। प्राय : यह सन्देश किसी विरही प्रिय या प्रेयसी के द्वारा अपनी प्रेयसी या प्रिय के पास भेजा जाता हैं। कालिदास का मेघसन्देश प्रथम सन्देश काव्य है। कवि कुलगुरु की किसी भी अन्य रचना ने संस्कृत साहित्य को इतना प्रभावित नहीं किया जितना कि उनके मेघसन्देश ने और इस दष्टि से मेघसन्देश नितान्त विलक्षण है। इस काव्य के अनुकरण पर समग्र देश में परवर्ती कवियों द्वारा अनेक सन्देश काव्य लिखे जा चुके हे। मेघ सन्देश ने संस्कृत साहित्य में एक नई परम्परा को जन्म दिया हे। मेघदूत में कालिदास ने यक्ष के द्वारा मनुष्यमात्र के लिए जीवन के चिरन्तन सत्य की ओर संकेत किया है। प्राय: दु:ख के समय मनुष्य चिन्तित होकर हताशा की अनुभूति करता हैं। ऐसे ही अवसर पर मेघसन्देश की निम्नलिखित पंक्ति मनुष्य को सान्तवना देती है।

"कस्यात्यन्तं सुखमुपनतं दु:खमेकान्ततो वा, नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ॥"

प्राय: ऐसा देखा जाता है कि विरह में प्रत्येक मानवी निराशा का अनुभव करने लगता है और उसे प्रेम का दीया बुझता हुआ सा प्रतीत होने लगता है। कालिदास ने यक्ष के सन्देश द्वारा हमे बोध दिया है कि प्रेम से जीवन पवित्र, सुन्दर और सार्थक अर्थात् सत्यम् शिवम्, सुन्दरम् बन सकता है। मानवीय प्रेम के द्वारा ईश्वरीय प्रेम भी हदय में जागृत किया जा सकता है। सन्देश काव्य में सहदय पाठक कवि के विचारों को हदयंगम कर अपने जीवन में उसका सदुपयोग कर ही सकते हैं। मेघसन्देश के अतिरिक्त विरहपरक अन्य सन्देश - काव्यों मे भी जीवन - सम्बन्धीत शाश्वत अनुभूतियाँ दष्टिगोचर होती हैं। यही जीवन की परम सिध्दि हैं।

शंकराचार्य का युग प्रवर्तक बोध

- प्रा. सुरवीरसिंह ठाकोर
आर्ट्स एण्ड कोमर्स कोलेज, ओलपाड- सूरत

युग अर्थात नियत समयावधि, कालखंड के रुपमें हम प्रस्तुत करते हैं।और युग शब्द वैश्विक संदर्भ में भी, अत्यंत वृहद् कालमान के रुप में भी स्वीकृत किया गया है। और बोध का अर्थ यदि उपदेश, मार्गदर्शन करेंगे तो वह समाज सुधारणा का प्रतिनिधित्व भी करता हैं। साहित्यकार समाज सुधारक भी है। समाजके उन ज्योतिर्धरोमें जगद्गुरु शंकराचार्य का नाम अवश्य अग्रिम रहेगा। शंकराचार्यजी ने जगत में फैली धर्म की ग्लानी, अधार्मिक वृत्ति - प्रवृत्तियाँ, जड यज्ञयागादि के साथे समाजमें फैली असामाजिक कुनिति - रीतियो को रोककर कृष्णकी भाँति धर्म की स्थापना के लिए सीमाचिह्न रुप कार्य किया था। उनके कार्योका प्रतिविम्ब साहित्यके माध्यम से समाज तक पहुँचता है, जो आज भी युगप्रवर्तक बने हुए हैं।

श्रीमद् भगवद्गीता और उपनिषद में युगबोध

डॉ.अशोककुमार एल. पटेल
अखंड आनंद आर्ट्स एण्ड कोमर्स कोलेज, सूरत

